समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या :............................../सम्ब.अनु./2018

दिनांक :..........................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त अनुदानित महाविद्यालय,
लखनऊ।

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत
अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध

**विषय :** मा0 उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 (डा0 दिनेश शर्मा जी) की अध्यक्षता में दिनांक 01.02.2018 को अनुदानित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित अनुमोदित शिक्षक संघ, उ0प्र0 की मांगों/समस्याओं के सम्बनध में विचार हेतु।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या : डिग्री विकास/937/2018–19, दिनांक 27.04.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से निम्न बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है :–

1. स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित स्थायी सहयुक्तता प्राप्त एवं विगत 05 वर्षों से निरन्तर संचालित पाठ्यकमों की सूची।
2. स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षों से संचालित उक्त पाठ्यकमों में कुल कितने शिक्षक अनुमोदित/कार्यरत हैं ?

सूच्य है कि पूर्व में भी शासन द्वारा वांछित सूचना के कम में इस कार्यालय के पत्र संख्या : 5264/सम्ब./2018, दिनांक 24.02.2018 के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ के कार्यालय को अद्यतन सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिसके कारण शासन को सूचना प्रेषित नहीं हो सकी है जिस पर शासन द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 के उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक 27.04.2018 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचना अभिलेखीय साक्ष्यों सहित तीन दिवस के अन्दर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ को एवं उसकी एक प्रति इस कार्यालय को भी विशेष वाहक के माध्यम से प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(प्रो0 आर0के0 सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF-10832-74 दिनांक : 28/4/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अनुदानित सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली वांछित सूचनायें प्राप्त कर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 को प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त अनुदानित (सहायता प्राप्त अशासकीय) महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

Bmishra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

अति महत्वपूर्ण/स्मरण पत्र/ईमेल के माध्यम से

प्रेषक,

निदेशक, उ0शि0, उ0प्र0,
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
इलाहाबाद।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
(क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली को छोड़कर)
2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
(गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं डा0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को छोड़कर)

पत्रांक डिग्री विकास/ 937 /2018–19 दिनांक: 27-4-2018

**विषय–मा0 उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 (डा0 दिनेश शर्मा) की अध्यक्षता में दिनांक 01–02–2018 को सम्पन्न बैठक में अनुदानित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित अनुमोदित शिक्षक संघ उ0प्र0 की मांगो/समस्याओं के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कृपया निदेशालय के पत्रांक डिग्री विकास/17562–87/2017–18 दिनांक 12.2.2018, पत्रांक डिग्री विकास/17777/2017–18 दिनांक 31.3.2018 एवं पत्रांक डिग्री विकास/328–49/2018–19 दिनांक 12.4.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो प्रश्नगत प्रकरण में शासन के निर्देशानुसार 02 बिन्दुओं पर सूचना प्रेषित किये जाने के संबंध में है। उल्लेखनीय है कि संदर्भगत विषय पर अद्यतन दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं डा0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली से सूचना प्राप्त है जबकि शेष किसी भी कार्यालय/विश्वविद्यालय से वांछित सूचना अप्राप्त होने के कारण शासन को प्रेषित किया जाना संभव नही हो पा रहा है। अवगत कराना है कि वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु शासन से निरंतर बार–बार स्मरण पत्र प्राप्त हो रहे है अतएव यह स्थिति संतोषजनक नही है। प्रश्नगत प्रकरण में यह अवगत कराना समीचीन होगा कि पूर्व में आपके कार्यालय से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर इस कार्यालय के पत्र संख्या डिग्री विकास/17547/2017–18 दिनांक 31 जनवरी 2018 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा शासन को संकलित सूचना प्रेषित की गयी थी। आहूत बैठक के

Affiliation
mishra
28/04

DR (Affileachion)

REGISTRAR
Sign.

उपरांत विषयगत प्रकरण में शासन को संशोधित सूचना पत्रांक डिग्री विकास/17588/2017-18 दिनांक 12 फरवरी 2018 द्वारा प्रेषित की गयी है तथा शासन ने पुनः निम्नलिखित बिन्दुओं 02 बिन्दुओं पर सूचना की मांग की गयी है-

1. 331 सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में से 272 सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम संचालित है उनमें ऐसे कितने महाविद्यालय है जो स्थायी मान्यता प्राप्त है एवं 05 वर्ष से अनवरत रूप से संचालित है?
2. उक्त महाविद्यालयों में जिनमें 05 वर्ष से स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम संचालित है उनमें कुल कितने स्ववित्तपोषित शिक्षक कार्यरत है। उक्त के कम में निदेशक, उच्च शिक्षा के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 31-01-2018 में दी गयी व्यय-भार की गणना में से समाज कल्याण विभाग द्वारा की गयी प्रतिपूर्ति की धनराशि घटाते हुए शुद्ध व्यय-भार की सूचना उपलब्ध करायें। शासन के पत्र दिनांक 05 अप्रैल 2018 की प्रति पूर्व पत्र के माध्यम से आपको प्रेषित की जा चुकी है।

भवदीय

27.04.18

डा0(एस0पी0 खरे)
संयुक्त निदेशक, उ0शि0
कृते शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा
उ0प्र0, इलाहाबाद
/उसी तिथि को।

पृ0सं0 डिग्री विकास/932-59

प्रतिलिपिः विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

डा0(एस0पी0 खरे)
संयुक्त निदेशक, उ0शि0
कृते शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा
उ0प्र0, इलाहाबाद।